

# तार समाचार

अक्टूबर-दिसम्बर 2017

The Indian Steel & Wire Products Limited
A Subsidiary of TATA Steel Limited



# प्रबंध निदेशक की कलम से



प्रिय साथियों,

सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवार को नववर्ष 2018 की हार्दिक शुभकामनाएं। इस तिमाही में टी.बी.इ.एम असेसमेंट के लिए ब्राह्य अवलोकन कराया गया, जिसमे टी.बी.इ.एम असेसमेंट में हमने 21 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 525 अंक प्राप्त किये है। इस सराहनीय कार्य के लिए मैं सभी कर्मचारियों को बधाई देता हूँ ।

आपसी संवाद को मजबूत बनाने की दिशा में आई.टी. विभाग ने कीओस्क मशीन को स्थापित किया है जिससे हम कर्मचारियों को बाहरी दुनिया की सूचनाओं के साथ ही कंपनी में डिजिटाइजेशन के तहत किये जा रहे सुधारों से भी जोड़ पाएंगे ।

बिजनेस विस्तारीकरण के तहत वायर मिल में इंडेंटेड पी.सी.एस.आर. उत्पाद का उत्पादन शुरू कर दिया गया है, इसके साथ हमने चेन लिंक तथा बार्बेड वायर मिल में भी ट्रायल उत्पादन शुरू कर दिया है । वाइंडिंग वायर उत्पाद के लिए सभी जरुरी मशीनें आ चुकी है, कार्य तेजी से चल रहा है और मैं उम्मीद करता हूँ की फरवरी माह से हम ट्रायल उत्पादन शुरू कर पाएंगे ।

दिसंबर माह हमने ऊर्जा संरक्षण माह के रूप में मनाया जिसमें ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता को कर्मचारियों तथा उनके परिवारों तक पहुंचाया । इसी माह 20 दिसंबर को आई.एस.डब्ल्यू.पी. दिवस मनाया गया जिसके सफल आयोजन के लिए मैं सभी आयोजनकर्ता और प्रतिभागियों को धन्यवाद करता हूँ।

पिछली तिमाही उपलब्धियों भरी रही और उपलब्धियाँ चुनौतियों के गर्भ से ही निकलती है । हमारे लिए सुरक्षा, स्वच्छता एवं पर्यावरण ये तीन चुनौतियाँ रही है । मैं सभी से आग्रह करता हूँ की सुरक्षा को अपने जीवन में अहम स्थान दें, पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण के दिशा में सदैव कार्य करते रहना चाहिए एवं पूरा देश स्वच्छता मुहीम में लगा है, हम सभी को इसमें शामिल होकर इसे सफल बनाना है ।

शुभेच्छाओं के साथ

Neeraj Kant

## किओस्क इन्फॉर्मेशन सेंटर का उद्घाटन



प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत जी के मार्गदर्शन में हमारी कंपनी में प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच के संवाद को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल किए गए है, इसी संदर्भ में आई.टी. विभाग द्वारा कंपनी परिसर में किओस्क इनफार्मेशन सेंटर की स्थापना की गई । 17 अक्टूबर 2017 को यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न किया गया, कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिगण, यूनियन अधिकारी एवं सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे ।

इस किओस्क सेंटर को स्थापित करने का उद्देश्य, कर्मचारियों को वर्ल्ड वाइड वेब सुविधाओं को उपलब्ध कराना, डिजिटलाइजेशन के तहत किए जा रहे सुधारों को प्रत्येक कर्मचारी तक पहुँचाना और जोड़ना, सभी प्रकार की सूचनाओं का ऑनलाइन उपलब्ध कराकर पेपर के खर्च को कम करना है ।

उद्घाटन के पश्चात आई.टी. हेड राकेश बाबू ने किओस्क में उपलब्ध सेवाओं से सभी को अवगत कराया ।



## विजिलेन्स (अवेयरनेस) जागरूकता वीक

इस वर्ष आई.एस.डब्ल्यू.पी. में 27 अक्टूबर - 04 नवंबर 2017 विजिलेन्स जागरूकता वीक मनाया गया। पूरे सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम क्वीज प्रतियोगिता, स्लोगन एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करके कर्मचारियों में जागरूकता प्रदान की गयी। कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उपहार वितरित करके प्रोत्साहित किया गया।

# TQM गतिविधियाँ

## सुझाव योजना संबंधी गतिविधियाँ

सुझाव योजना को बढ़ावा देने और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टी.क्यू.एम. विभाग द्वारा प्रत्येक तिमाही में अत्यधिक सुझाव देने वाले कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानपूर्ण प्रमाण पत्र दिया जाता है।

प्रथम त्रैमासिक में अत्यधिक सुझाव देने वाले सुझावकर्ता निम्नलिखित है :


सौरव गुप्ता


अमरेंद्र सिंह


देवाशिष घोष


सागीर अहमद


त्रिलोक सिंह


बलजीत सिंह


विरेंद्र गिरी


द्वितीया त्रैमासिक में अत्यधिक सुझाव देने वाले सुझावकर्ता निम्नलिखित है:



अनिल कुमार


अमरेंद्र सिंह


अवतार महतो


सौरव गुप्ता


पी आर मिश्रा


किंशुक घोष

## काइजन प्रतियोगिता

17 नवंबर 2017 को आई.एस.डब्ल्यू.पी. के ऑडीटोरियम में काइजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विभागों से कुल 54 काइजन एकत्रित हुआ। काइजन प्रतियोगिता के विषय को चार वर्गों में बाँटा गया था। प्रत्येक वर्ग से बेस्ट काइजन के चुनाव के लिए प्रोक्यूरमेंट हेड विजयंत कुमार, प्रोजेक्ट एवं इंजिनियरिंग के हेड इंद्रजीत नंदी, इन्टरनल ऑडिट के हेड चंदन बनर्जी, टी.क्यू.एम. के हेड राकेश बाबू तथा सी.आर.एम. टिम्पलेट के चीफ डिविज्नल मैनेजर श्री उत्तम कुमार मिश्रा की सहायता ली गयी। प्रत्येक वर्ग से विजेता टीम को गुणवत्ता माह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया।









# आई.एस.डब्ल्यू.पी. दिवस

दिसंबर आई.एस.डब्ल्यू.प. डे के रूप में मनाया जाता है इस उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम को आयोजन किया गया ।







- डोनेशन वीक
- वृक्षारोपण कार्यक्रम
- कर्मचारी वार्ड के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता
- टैलेंट शो – कर्मचारी वर्ग के लिए संगीत, नृत्य आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- ज्ञानोदय स्कूल (जेम्को) में स्वास्थ्य जांच शिविर
- सेंट्रल पार्क का उद्घाटन
- पोटका विजिट
- प्रबंध निदेशक, यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय, यूनियन पदाधिकारी, सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी द्वारा चेशायर होम का विजिट ।
- आई.एस.डब्ल्यू.पी में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया।
- लॉन्ग सर्विस अवार्ड – लम्बे अंतराल से कंपनी को सेवा प्रदान कर रहे अर्थात कार्य करने वाले कर्मचारियों को लॉन्ग सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया जाता है इस वर्ष आई.इस. डब्ल्यू.पी. से 67 एवं जेम्को से 11 कर्मचरियों को लॉन्ग सर्विस अवार्ड प्रदान किया गया ।
- एच आर मेट का उद्घाटन
- उड़ान टीम द्वारा लघु नाटिका ॢबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओॢप्रस्तुत किया गया ।
- सिम्फनी – कर्मचारी वर्ग के लिए संगीत, नृत्य आई कार्यकर्म का आयोजन किया गया ।
- डी बी २ में म्यूजिकल नाईट











## टी.बी.इ.एम. असेसमेंट 2017

4-11 नवंबर 2017 को आई.एस.डब्ल्यू.पी. में टाटा ग्रुप की विभिन्न कंपनियों को सर्टिफाइट असेसर की टीम द्वारा असेसमेंट किया गया। असेसमेंट कंपनी की एप्लीकेशन एवं वास्तविक परिस्थिति के निरक्षण करने के परिणामस्वरूप अंक प्रदान करती है।

इस वर्ष हमारी कंपनी को टी.बी.इ.एम. असेसमेंट में पिछली वर्ष की तुलना में 21 अंक ज्यादा अर्थात् 525 अंक प्राप्त हुआ, इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी बधाई में पात्र है।





## गुणवत्ता माह समारोह

आई.एस.डब्ल्यू.पी. में प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह 'गुणवत्ता माह' (क्वालिटी माह) के रूप में मनाया जाता है। इस माह की शुरूआत ध्वजारोहण एवं गुणवत्ता प्रतिज्ञा द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के प्रमुख अतिथि कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत एवं विशिष्ट अतिथि यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय, यूनियन सदस्य एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।




इस माह में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें आई.एस.डब्ल्यू.पी. एवं जेम्को में क्वीज प्रतियोगिता, नाटक प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं क्वालिटी विभाग द्वारा विभिन्न विभागों में क्वालिटी जागरूकता सेशन का आयोजन किया गया, समापन समारोह में हमारे प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत एवं यूनियन पदाधिकारी राकेश्वर पांडेय द्वारा विजेताओं को उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाया एवं प्रोत्साहित किया।






## टी.ए.ए.पी. (TAAP) अवार्ड

टाटा ग्रुप में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्थान के लिए चलाए जा रहे अफरमेटिव एक्शन के तहत टी.ए.ए.पी. असेसमेंट में शिक्षा के क्षेत्र में हमारी कंपनी द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय पोटका में किए जा रहे प्रयासों को सिग्नीफिकेंट अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड बैंगलोर में आयोजित BEC-2017 समारोह में 8 दिसम्बर को हमारे प्रबंध निदेशक को दिया गया।



# ऊर्जा सरंक्षण माह

आई.एस.डब्ल्यू.पी.एल. में 1 से 31 दिसंबर तक ऊर्जा सरंक्षण माह के रूप में मनाया गया । प्रकृति में उपलब्ध ऊर्जा भी सीमित है । बढ़ती जनसंख्या के साथ मनुष्य की मशीनों पर निर्भरता धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है । सभी मशीनों के संचालन के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है परंतु जिस गति से ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ रही है उसे देखते हुए ऊर्जा के समस्त संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है ।

यह आवश्यक है कि सभी व्यक्ति ऊर्जा के महत्व को समझें और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक बनें । यह निरंतर प्रयास करें कि ऊर्जा चाहे जिस रूप में हो उसे व्यर्थ न जाने दें

एसएलटी (SLT) सदस्यों ने अपने कार्यालयों में ऊर्जा स्टिकर लगाकर ऊर्जा संरक्षण (सुरक्षा) महीने का प्रदर्शन किया। एमडी (MD) सर ने भी ऊर्जा संरक्षण अभियान का प्रदर्शन और आरंभ किया।



सुरक्षा विभाग द्वारा ऊर्जा और जल संरक्षण अभियान के तहत तार कपनी क्वार्टर में पैम्फलेट वितरण के माध्यम से पानी एवं ऊर्जा के संरक्षण के उद्देश्य, आवश्यकता और जरुरत पर चर्चा की गई थी।



मास मीटिंग के माध्यम से हमारे कर्मचारियों और ठेकेदार कर्मचारियों के बीच जागरूकता प्रदान की गई ।



के.जी.बी.सी के सभी बच्चों को सुरक्षा इंडक्शन प्रदान किया गया था और फिर उन्हें सुरक्षित विजिट और उपकरण और प्रक्रिया को समझाया गया ।





कर्मचारियों और ऑफिसर के लिए ऊर्जा संरक्षण क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।





## ''ऊर्जा की बचत, पैसे की बचत''

प्रकृति ने मानव जाति के लिए ऊर्जा संसाधनों के रूप में उन्हें बहुत ही अनमोल तोहफे प्रदान किये है, जो लोगों के रहन-सहन और हमारी धरती पर जीवन यापन करने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। रोजमर्रे के जिंदगी में जिन उपकरणों का उपयोग करते हैं यदि हमें सही जानकारी हो तो उपकरणों का सही चुनाव कर सकते हैं और हमें ऊर्जा के संरक्षण में अपनी भागीदारी प्रदान कर सकते हैं।




हमारी पत्रिका आपको कैसी लगी ? आप अपने सुझाव TQM विभाग में भेज सकते हैं। ईमेल : tqm@iswp.co.in / rakesh.babu@iswp.co.in
मुद्रित :